## सार समाचार

### पालिका बोर्ड अध्यक्ष के लिए आज नामांकन

**बिजयनगर।** नगरपालिका बोर्ड के अध्यक्ष पद हेतु आज पालिका कार्यालय में तीन बजे तक नामांकन दाखिल किए जाऐंगे। रिटर्निंग अधिकारी एस. डी. एम मोहनलाल खटनावलिया ने बताया कि नगरपालिका बोर्ड अध्यक्ष पद पर नामांकन दाखिल करने हेतु नगरपालिका कार्यालय में बुधवार को सुबह 10:30 बजे से तीन बजे तक रिटर्निंग अधिकारी या सहायक रिटर्निंग अधिकारी को नामांकन दाखिल किए जाएंगे। बोर्ड अध्यक्ष पद अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित हैं। चार फरवरी को तीन बजे तक नामांकन वापस ले सकते हैं।निर्वाचन लड़े जाने की दशा में मतदान सात फरवरी को पालिका कार्यालय में आयोजित निर्वाचित सदस्यों की बैठक में किया जाएगा।

### आशीष सांड भाजपा जिला देहात कोषाध्यक्ष मनोनीत



**बिजयनगर।** भाजपा प्रदेश आलाकमान ने सगंठन विस्तार क्रम में कस्बे वासी आशीष सांड को भाजपा जिला देहात अजमेर का कोषाध्यक्ष नियुक्त किया है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया के निर्देशानुसार भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष रामकुमार भूतड़ा, प्रदेश मंत्री भजनलाल शर्मा व जिला अध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा की अनुशंसा पर आशीष सांड को जिला देहात के कोषाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। सांड पूर्व में भाजपा मंडल अध्यक्ष पद पर रह चुके हैं। भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सतीश ओझा के नेतृत्व में भाजपाइयों ने आशीष सांड को माल्यार्पण कर साफा पहनाकर अभिनंदन किया। इस दौरान मोर्चा के महामंत्री हितेश मेवाड़ा,ज्ञानचंद प्रजापत, भाजपा कार्यकर्ता निपुल छाजेड़, अशोक मेहता, दिनेश रांका, कैलाश जाट, दिनेश जाट,संदीप नाबेड़ा, ताराचंद लोढ़ा, क्षेणिक छाजेड़, कमलेश बुरड़, दिनेश छीपा, मुकेश छीपा उपस्थित थे।

### पद्मप्रभ भगवान एवं मुनिसुव्रत भगवान की 11 इंच अष्टधातु की प्रतिमाएं स्थापित



**भीलवाडा ।** श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर आर के कॉलोनी में वेदीजी में पद्मप्रभ भगवान एवं मुनिसुव्रत भगवान की 11 इंच अष्टधातु की प्रतिमाएं स्थापित की गई। इन प्रतिमाओं का पंचकल्याणक आगामी 11 फरवरी से बिजौलियां में सुधासागर महाराज के सानिध्या में आयोजित होने वाले पंचकल्याण समारोह में होगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेश गोधा बताया कि पद्मप्रभ भगवान की प्रतिमा विराजमान करने का सौभाग्य सतपाल पाटनी एवं मुनिसुव्रत भगवान की प्रतिमा विराजमान करने का अवसर महावीर पहाड़िया परिवार ने प्राप्त किया। इसके साथ ही ज्ञानचन्द पाटनी एवं प्रेमदेवी झांझरी ने नई प्रतिमाओं के लिए चांदी के सिंहासनए विनय कोठारी एवं सुदेश गदिया ने अभिषेक के लिए चांदी की झारी, सुरेश लुहाड़िया एवं कैलाश सोनी ने चांदी का थाल देने की घोषणा की। सुशील लुहाडिया एवं राकेश पहाड़िया ने यन्त्रजी के लिए सिंहासन देने की घोषणा की। उपाध्यक्ष सुन्दर कोठारी ने बताया कि नई प्रतिमाओं को जयपुर से लाया जाकर मंदिर जी में तिलक दान समारोह आयोजित हुआ। नई प्रतिमाओं पर अजय बाकलीवाल परिवार ने सर्वप्रथम तिलक लगाया इसके बाद सभी श्रावक-श्राविकाओं ने उत्साहपूर्वक दान करते हुए तिलक किया।

### इंद्रा अहिरवाल बनी महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष व अध्यापक साँवर लाल ऐरवाल बने जिला अध्यक्ष



**भीलवाड़ा ।** प्रांतीय रैदास अहिरवार ऐरवाल महासभा राजस्थान के प्रांतीय सयोंजक हेमराज रलायता व समस्त कार्यकारीरिणी की सहमति से अरनिया रासा इंद्रा अहिरवाल को महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष बनाया। इंद्रा अहिरवाल पूर्व में सी आर भी रह चुके है । वहीं दूसरी ओर शम्भूगढ़ निवासी अद्यापक साँवर लाल ऐरवाल को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया । नवनियुक्त जिलाध्यक्ष साँवर ऐरवाल ने बताया कि मेरे पिताजी का सपना था समाज का विकास करना । समाज को आगे बढ़ना ए में प्रांतीय रैदास अहिरवार ऐरवाल महासभा के प्रदेश अध्यक्ष जीवन ऐरवाल व प्रांतीय कार्यकारीरिणी का धन्यवाद दिया। प्रदेश अध्यक्ष जीवन ऐरवाल ने निर्देशित किया कि महिला प्रकोष्ठ जिला प्रकोष्ठ की कार्यकारीरिणी का गठन कर प्रदेश कार्यालय को अवगत कराएं।

# 133 गांवों की हरि बोल प्रभात फेरियों से गूंज उठा सांगरिया





**लोकजीवन न्यूज सर्विस, शाहपुरा**

कलयुग में प्रभु के नाम के स्मरण मात्र से ही जीवन के सारे कष्ट मिट जाते हैं। प्रत्येक सज्जन को नित्य प्रतिदिन भगवान का नाम स्मरण करना चाहिए । राम का नाम ही संसार रूपी सागर से पार लगाता है । यह बात मांडेला (कुमावत) परिवार सांगरिया द्वारा आयोजित हरि बोल प्रभात फेरी के मुख्य कार्यक्रम में बोलते हुए महंत गोवर्धन दास ने कही । गोवर्धन दास ने कहा है कि आज के युग में व्यक्ति धन कमाने में लगा हुआ है इसीलिए वह शांति की खोज में भटकता रहता है लेकिन शांति तो उसकी आत्मा में परमात्मा के रूप में विराजमान हैं । सब कार्य छोड़ कर के प्रतिदिन एक घंटा यदि भगवान के भजन ध्यान करने लगे तो प्रत्येक व्यक्ति को अपार शांति की प्राप्ति हो सकती हैं । राष्टीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत बौद्धिक शिक्षण प्रमुख सत्यनारायण कुमावत ने कहा है कि राम राष्ट के नायक है, मर्यादा पुरुषोत्तम ने लाखो वर्ष पहले ही ऐसी व्यवस्था को जन्म दिया जो समाज को समरस बनाती है । मां भीलनी के झूठे बेर खा करके भगवान राम ने सामाजिक समरसता की नींव रखी और आज वर्तमान में भगवान राम की शिक्षा की समाज और देश को महत्वपूर्ण आवश्यकता है । हिंदवाः सोदरा सर्वे ना हिंदू पतितो भवेत् के मंत्र को आत्मसात करने की आवश्यकता है । अयोध्या में बनने जा रहे दुनिया के सबसे बड़े भव्य राम मंदिर निर्माण के लिए भी लोगों से अधिक से अधिक समर्पण निधि देने का आह्वान किया । इस अवसर पर भाभा महाराज माधु गुर्जर ने राम नाम की महिमा पर अपनी बात रखी । आयोजक परिवार के मोहनलाल मांडेला ने बताया कि हरि बोल प्रभात फेरी में 133 गांवों की प्रभात फेरियों ने भाग लिया । कार्यक्रम में महावीर प्रसाद जांगिड़ ने भी अपने विचार रखें । प्रभात फेरी बालाजी की बगीची से प्रारंभ होकर सदर बाजार, दरोगो का मोहल्ला, गुर्जरों का मोहल्ला, कुम्हारों का मोहल्ला होते हुए कुमावत सामुदायिक भवन में पहुंची जहां संतों का आशीर्वचन हुआ । कार्यक्रम का संचालन श्रीपाल शर्मा ने किया । कार्यक्रम में घनश्याम सिंह राणावत, रूप लाल गर्ग, रामचंद्र कीर ने भी संबोधित किया । आयोजन को सफल बनाने में घीसा लाल, रामस्वरूप, सुखदेव, गोपाल लाल, परमेश्वर प्रसाद, नौरत मल, भेरूलाल, भेरूलाल, पप्पू लाल, पंकज, प्रियांशु, राधेश्याम, हेमराज कुमावत, तेजपाल दरोगा, पूर्व सरपंच सांवर लाल गुर्जर,हीरालाल तलाईचा, नाथू लाल शर्मा, कालूराम खाती, द्वारका प्रसाद प्रजापत, रामप्रसाद वैष्णव, सुरेंद्र कुमार शर्मा, ओमप्रकाश कुमावत, भगवान लाल गोस्वामी, भोजराज गुर्जर, हेमराज तेली, आदि कार्यकर्ता इस पुनीत कार्य में लगे हुए थे।

## माण्डल ब्लॉक के राशन डीलरों की बैठक एवं चुनाव सम्पन्न

**लोकजीवन न्यूज सर्विस, बागोर**



माण्डल ब्लॉक के सभी राशन डीलर की कार्यकारिणी की बैठक चुनाव माण्डल तालाब की पाल पर भूतेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित हुई । माण्डल ब्लॉक राशन डीलर एसोसिएशन की सचिव अनुपमा नरानिया ने बताया कि ब्लॉक स्तर के सभी राशन डीलरों की माण्डल स्थित भूतेश्वर महादेव मंदिर परिसर में एसोसिएशन के सरंक्षक नंदराम जाट की अध्यक्षता में चुनाव भी सम्पन्न हुई। सचिव नरानिया ने बताया कि इस बैठक में उपस्थित ब्लॉक स्तर के सभी राशन विक्रेताओं ने एक मत में समर्थन देते हुए सर्वसम्म्मति से मुकेश अजमेरा को अध्यक्ष चुना गया । वहीं सरंक्षक नंदराम जाट, परमेश्वर लुहार व बालूराम शर्मा की मौजूदगी में उपाध्यक्ष पद हेतु हिम्मत सिंह चूंडावत व सुरेश खटीक को मनोनीत किया गया । वही महामंत्री पद हेतु किशन लाल धोबी, व भैरु लाल गर्ग और कोषाध्यक्ष छोटु लाल तोतला, संगठन मंत्री मुरलीधर शर्मा व रामेश्वर लाल तेली, सचिव पद हेतु अनुपमा नरानिया व अमर सिंह को मनोनीत किया। इस अवसर पर जगदीश सालवी, लोकेश चपलौत, किशन लाल जाट, शंभु लाल काबरा, शंकर लाल जाट सहित माण्डल ब्लॉक से आये सभी राशन डीलर उपस्थित थे ।

### श्री गणेश उत्सव प्रबन्ध एवं सेवा समिति द्वारा शिविर आयोजित

भीलवाड़ा । श्री गणेश उत्सव प्रबन्ध एवं सेवा समिति द्वारा अस्पताल गैलेक्सी हॉस्पिटल,पॉवर हाउस के पास स्त्री रोग शिविर आयोजित होगा। सुबह 10 बजे से 2 बजे तक रहेगा। इसमें सभी स्त्री रोग में निसंतान, महावारी का कम व ज्यादा आना, महावारी के समय दर्द रहना और भी स्त्री रोग से सम्बन्धित सभी बिमारियों में बीएचएसएम स्पेशलिस्ट डॉ. किरण शर्मा देखकर परामर्श देगें। समिति अध्यक्ष उदयलाल समदानी ने बताया कि सभी रोगियों को परामर्श व जरूरतमंदों को दवाईयां निःशुल्क दवाई दी गई। शिविर की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। सभी नगर वासियों से आव्हान है कि सभी समय पर पहुँचे और इसका लाभ लें।

## उपनगर पुर में श्री राम मंदिर निर्माण के तहत भामाशाह ने किया सहयोग



**लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा**

श्री राम मंदिर निर्माण समर्पण निधि अभियान में पुष्पा देवी धर्मपत्नी सुरेश त्रिवेदी पूर्व मैनेजर ने अपनी पौत्री आरोही त्रिवेदी के जन्मदिवस पर 100111 एक लाख एक सौ ग्यारह का चेक ट्रस्ट को सुपुर्द किया । इस दौरान मनोज कुमार , योगेश ,मिहिर , अक्षित , दीक्षित त्रिवेदी उपस्थित रहे। सहयोग के इसी क्रम में सत्यनारायण व्यास, युधिष्टिर व्यास, सत्यजीत व्यास द्वारा 21000 रुपए, प्रकाश तेली नमन मार्केटिंग पुर द्वारा 21000 रुपए, दल्ला , भेरू लाल , बाबू लाल गाडरी द्वारा 11,111 रुपए व सुवा लाल सेन, सुरेश, राज कुमार सेन मारुति मेडिकल स्टोर पुर द्वारा 5100 रुपए राशि का सहयोग किया गया। घर घर से निधि समर्पण राशि एकत्रित करने हेतु उपनगर पुर में 9 टोलियों की रचना की गई ।

### मतदाता जागरूकता का संदेश

**सवाईपुर।** चावंडिया गांव में नेहरू युवा केंद्र भीलवाड़ा एवं स्वामी विवेकानंद युवा संस्थान चावंडिया की ओर से मतदाता जागरूकता के लिए रैली का आयोजन हुआ। साथ ही ई मतदाता कार्ड को बनवाने के लिए जानकारी भी दी गई । संस्थान के अध्यक्ष शुभम ओझा ने बताया की 25 जनवरी से 1 फरवरी तक मतदाता जागरूकता सप्ताह मनाया गया । जिसमें मतदाता जागरूकता रैली के साथ 1 फरवरी से सभी नागरिकों के लिए ई -मतदाता पहचान पत्र योजना चुनाव आयोग द्वारा दी जा रही है । जिसके लिए लोगों को जागरूक किया गया । उन्हें पहचान पत्र में अपने मोबाइल नंबर जोड़ने के लिए प्रेरित किया गया । इस कार्यक्रम में संस्थान की सचिव राधेश्याम जाट, नंदलाल जाट,शंभू दरोगा, बलवीर सिंह, प्रहलाद ओझा, मोहित जोशी आदि उपस्थित रहे ।

**न्यूटेक ग्लोबल लिमिटेड**

कॉरपोरेट आइडेंटिटी नंबर (सीआईएन): L17114RJ1984PLC003023 पंजीकृत कार्यालय ई-149, रीको इंडस्ट्रियल एरिया, भीलवाड़ा-311001, राजस्थान फ़ोनः+91 1482 260508, ई-मेलः info@nutechglobal.com वेबसाइटः www.nutechglobal.com

**सूचना**

सेबी (लिस्ट्रिंग दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्कता) नियमावली-2015 की नियमावली 29 एवं 47 के अनुपालना में एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की बैठक शुक्रवार 12 फरवरी 2021 को कंपनी के कार्यालय E-149, रीको इंडस्ट्रियल एरिया, भीलवाड़ा राजस्थान, 311001 में शाम 4 बजे, 31 दिसम्बर 2020 को समाप्त तिमाही एवं नो महिनों के अन-अंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार अनुमोदन करने हेतु आयोजित की जाएगी।

निवेशक कंपनी की वेबसाइट (www.nutechglobal.com) एवं स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (www.bseindia.com) पर मंडल की बैठक का विवरण देख सकते है।

बोर्ड की अनुज्ञानुसार
न्यूटेक ग्लोबल लिमिटेड के द्वारा
हस्ता./-
(शुभांगी जैनिफर)
कंपनी सचिव

दिनांक : 02.02.2021
स्थानः भीलवाड़ा

**कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी चित्तौड़गढ़ (राज.)**

क्रमांक :- परि / 2020-21
दिनांक-1.2.2021

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे लिखी गई वाहन का स्वामित्व बदलने (ट्रांसफर) हेतु आवेदन पत्र पेश किया है। किसी भी व्यक्ति को अगर कोई आपत्ति हो तो निम्न हस्ताक्षरकर्ता को 15 कार्य दिवस में अपनी आपत्ति दर्ज करावे अन्यथा वाहन हस्तान्तरण कर दिया जाएगा।

(1) वाहन संख्या. RJ09 UA 2178, पंजीकृत वाहन स्वामी का नाम व पता – Sh. Bal Krishan Prajapat, s/o Sh. Mangi Lal Prajapat, Lohar Mohalla, Begun, Chittorgarh, मृतक वाहन स्वामी के उत्तराधिकारी का नाम, Smt. Lalita Devi, w/o Sh. Bal Krishan Prajapat, Lohar Mohalla, Begun, Chittorgarh, वाहन स्वामी से संबंध- Wife

**कार्यालय प्रादेशिक परिवहन अधिकारी चित्तौड़गढ़ (राज.)**

क्रमांक./ परि/ 2020-2021
दिनांक : 28.1.2021

**विज्ञप्ति**

निम्नलिखित वाहन फाइनेंस कंपनियों द्वारा फाइनेंस किए थे , जिनकी किश्तें ना चुकाने के कारण वाहन सीज करना बताया है । निम्न फाइनेंस कंपनियों ने इनकी एफआर.सी (फ्रेश पंजीयन पुस्तक) जारी करने हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है । इस संबंध में वाहनों के वाहन स्वामी या किसी को कोई ऐतराज हो तो मय सबूत अपनी आपत्ति इस कार्यालय में विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में दर्ज करवा सकते हैं अन्यथा निम्न वाहनों की एफआर.सी वित्तपोषक कंपनी के नाम से जारी कर दी जाएगी ।

(1). RJ09 PA 4061 (2). RJ09 PA 4060
(3). RJ09 PA 4055 (4). RJ09 PA 4059
(5). RJ09 GC 0730 (6). RJ09 GB 9170
(7). RJ09 GA 9026 (8). RJ09 RC 5967
(9). RJ09 RD 4270 (10). RJ09 PA 5867

**रंजन पोलिस्टर्स लिमिटेड**

BHIMSARIYA

कॉरपोरेट आइडेंटिटी नंबर (सीआईएन): L24302RJ1990PLC005560 पंजीकृत कार्यालयः 11-12TH, की.मी.स्टोन, चित्तौड़गढ़ रोड, गुवारड़ी, भीलवाड़ा - 311001(राजस्थान), इंडिया फोनः 01482-249095, ई-मेलः ranjanpoly@gmail.com, वेबसाइटः www.ranjanpolysters.com

**सूचना**

सूचना सेबी (लिस्टिंग दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकता) नियमावली-2015 की नियमावली 29 एवं 47 के अनुपालना में एतदद्वारा सूचित किया जाता हे की कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक बुधवार, 10 फरवरी, 2020 को कंपनी के पंजीकृत कार्यालय 11-12ञ॥, कि. मी.स्टोन, चित्तौड़गढ़ रोड, गुवारड़ी, भीलवाड़ा -311001(राजस्थान) में शाम 4 बजे, 31
दिसंबर, 2020 को समाप्त तिमाही वित्तीय परिणामो की अनुशंसा पर विचार अनुमोदन करने हेतु आयोजित की जाएगी ढ्ढनिवेशक कंपनी की वेबसाइट (www.ranjanpolysters.com) एवं स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (www.msei.in) पर मंडल की बैठक का विवरण देख सकते है ढ्ढ

बोर्ड की आज्ञानुसार
रंजन पोलिस्टर्स लिमिटेड के द्वारा
Sd/-
(चित्रानराणीवाल)
कंपनी सचिव

दिनांकः 02.02.2021
स्थानः भीलवाड़ा